## खास-खबरें

### ककरूआ, इमलिया और किरमची बंधेरा के विद्यार्थियों को अब गांव के निकट मिलेगी हाईस्कूल शिक्षा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** जिले के ग्राम ककरूआ, इमलिया एवं किरमची बंधेरा के विद्यार्थियों को अब माध्यमिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए दूरस्थ विद्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला, किरमची बंधेरा का हाईस्कूल में उन्नयन किया गया है। शिक्षा सत्र 2026–27 से यहां कक्षा 9वीं एवं 10वीं का संचालन होगा। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने उन्नत हाईस्कूल का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों की मांग पर विधायक श्री टंडन ने विधायक स्वेच्छानुदान निधि से विद्यालय के लिए कंप्यूटर खरीदने हेतु 1 लाख रु. की राशि देने की घोषणा की। वहीं ग्रामीणों की मांग पर श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए आवश्यकता अनुसार 2 से 2.5 लाख तक की राशि उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

### मंदसौर कलेक्टर के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनी

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौर:** कलेक्टर दिव्यांक सिंह के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फेसबुक पर एक फर्जी आईडी बनाई गई है। इस आईडी के जरिए लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। मंगलवार देर रात इस मामले का खुलासा होने के बाद जिला प्रशासन ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर दिव्यांक सिंह के नाम से बनी यह फेसबुक प्रोफाइल और मोबाइल नंबर 7838116357 उनका आधिकारिक अकाउंट या नंबर नहीं है। प्रशासन ने लोगों से ऐसे किसी भी फेसबुक अकाउंट, फ्रेंड रिक्वेस्ट, व्हाट्सएप मैसेज या कॉल पर भरोसा न करने और किसी भी स्थिति में धनराशि या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की अपील की है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें कलेक्टर के नाम से बने फर्जी अकाउंट या दिए गए नंबर से कोई संदिग्ध संदेश प्राप्त होता है, तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या साइबर सेल को दें। इससे साइबर ठगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने नागरिकों से सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने संदिग्ध संदेशों पर विश्वास न करने और बिना सत्यापन के कोई भी भ्रामक जानकारी साझा न करने की सलाह दी है। प्रशासन ने जोर दिया है कि साइबर ठगी से बचाव के लिए सतर्कता ही सबसे प्रभावी उपाय है।

### भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक का आयोजन नौ अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान होगा आरंभ



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोर:** बुधवार को शहर के लीसा टाकीज चौराहे स्थित विधायक कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सीहोर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें संगठनात्मक एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर मंडल प्रभारी धारासिंह पटेल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का संबोधन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन बन चुका है। इससे देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी धारासिंह पटेल, पूर्व जिला महामंत्री रवि नागले, जिला मीडिया प्रभारी प्रीतेश राठौर, जिला मंत्री प्रीति सोनी, सह मीडिया प्रभारी पवन जैन, संयोजक डॉ गगन नामदेव सहित सभी वरिष्ठजन, मंडल के पदाधिकारी, पार्षदगण, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शा.उ.मा.वि. में पोक्सो एक्ट जागरूकता कार्यशाला संपन्न

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानौरा में छात्राओं की सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु यौन शोषण से संरक्षण अधिनियम पोक्सो एक्ट पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छात्राओं को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चे अधिनियम के अंतर्गत आते हैं। उन्हें गुड टच बेड टच की पहचान, अंतर, निजी अंगों की सुरक्षा और किसी भी गलत व्यवहार पर 'नो बोलो गो बहाँ से जाओ टेल किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताओ' का नियम समझाया गया। यदि किसी छात्रा के साथ कोई अनुचित व्यवहार होता है तो वह डरे नहीं।

## शिक्षक हैं, लेकिन छात्र नहीं: 10 किमी दूर स्कूल में शून्य उपस्थिति, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल





**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने और हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कई जगह इन प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही है। शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर बेरछा संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय पचौला हरनाथ में दो शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन विद्यालय में पढ़ने के लिए एक भी छात्र नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा।

जानकारी के अनुसार, विद्यालय के ऑनलाइन रिकॉर्ड में चार विद्यार्थियों का नाम दर्ज है, जबकि मौके पर उनकी उपस्थिति शून्य बताई जा रही है। शिक्षक नियमित रूप से स्कूल पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करते हैं, लेकिन बच्चों के अभाव में शिक्षण कार्य नहीं हो पाता।

**सरकारी संसाधनों के उपयोग पर सवाल:** विद्यालय में दो शिक्षकों की पदस्थापना पर शासन हर माह वेतन सहित अन्य मदों में लाखों रुपये खर्च कर रहा है। ऐसे में जब विद्यालय में छात्र ही नहीं हैं, तो शिक्षकों की तैनाती और स्कूल संचालन की समीक्षा नहीं होना शिक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।


**जांच की उठी मांग:** स्थानीय लोगों ने विद्यालय की वास्तविक स्थिति की उच्च अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि विद्यालय में विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या, उनकी उपस्थिति, शिक्षण कार्य और उपलब्ध सुविधाओं का मौके पर सत्यापन किया जाना चाहिए।

**क्या बोले जिम्मेदार:** प्रभारी डीपीसी धीरज बीरथरिया ने बताया कि 'पचौला हरनाथ प्राथमिक विद्यालय में चार विद्यार्थी दर्ज हैं और दो शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। मामला संज्ञान में आया है और जानकारी एकत्र की जा रही है। कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को सीएम राइज स्कूलों में मर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें इस विद्यालय को भी शामिल किया जाएगा।

**ऑनलाइन रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में अंतर**

विद्यालय के पोर्टल पर चार विद्यार्थियों का पंजीयन दर्ज है, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग दिखाई दे रही है। इससे रिकॉर्ड की प्रामाणिकता और विभागीय निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। यदि बच्चे नामांकित हैं तो वे स्कूल क्यों नहीं आ रहे और उन्हें वापस शिक्षा से जोड़ने के लिए क्या प्रयास किए गए, इसकी जांच आवश्यक मानी जा रही है।

## इनरव्हील क्लब ने दो मेधावी छात्राओं की फीस भरी, शिक्षा के लिए बढ़ाया सहयोग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर:** इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर ने समाज सेवा की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए एमएलबी कन्या हाईस्कूल की दो जरूरतमंद एवं मेधावी छात्राओं की स्कूल फीस का भुगतान कर उनकी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस सहायता से छात्राओं के परिवारों को राहत मिली है और उनकी शिक्षा निर्बाध जारी रखने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्या ऐना पोरवाल ने दोनों छात्राओं की पूरी स्कूल फीस का वहन किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सोनम मेहता ने कहा कि शिक्षा समाज के सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। किसी जरूरतमंद और प्रतिभावान बच्चे की पढ़ाई में सहयोग करना केवल एक छात्र का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य को संवारने जैसा है।

उन्होंने कहा कि इनरव्हील क्लब हमेशा ऐसे मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के साथ खड़ा रहेगा, ताकि आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे के सपनों की राह में बाधा न बने।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश रत्नावत, क्लब अध्यक्ष सोनम मेहता, नेहा डोसी, राखी पोरवाल, शिखा गोयल, सुरक्षा चौधरी, ऐना पोरवाल सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## पाटन में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर:** बैंक ऑफ इंडिया ने पाटन में अपनी नई शाखा का शुभारंभ कर जबलपुर अंचल में शाखाओं की संख्या 53 कर दी है। नई शाखा का उद्घाटन पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल के आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार तथा पाटन नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह सहित बैंक के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजय विश्नोई ने बैंक ऑफ इंडिया की जनहितकारी एवं विश्वसनीय बैंकिंग सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे पिछले 55 वर्षों से बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक हैं और बैंक हमेशा गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करता रहा है। उन्होंने नई शाखा के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि इससे पाटन एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को आधुनिक और बेहतर बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

आंचलिक प्रबंधक रमेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों को सुरक्षित, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नई शाखा स्थानीय व्यापार, किसानों, युवाओं और आम नागरिकों की बैंकिंग आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करेगी।

## जयंती एवं पुण्यतिथि पर महापुरुषों को किया नमन

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा विभिन्न महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महापुरुषों के जीवन, विचारों और समाज व राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया। उन्होंने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन सहित अन्य महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महाकवि मैथिलीशरण गुप्त, कमला नेहरू और महान गायक किशोर कुमार के जीवन एवं योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विभूतियों का जीवन समाज और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के सिद्धांतों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

## मूंग खरीदी में गड़बड़ी पर सख्त कलेक्टर, बोले- किसानों के नाम पर व्यापारी न बेचें उपज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा:** सीहोर जिले में जारी मूंग उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. ने बुधवार को भैरूंदा और रेहटी उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के नाम पर किसी भी व्यापारी द्वारा अवैध रूप से मूंग का विक्रय नहीं होने दिया जाए। इसके लिए नियमित निगरानी की जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं सर्वेयर से गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने नमी, छोटे-बड़े दानों की छंटाई, मिट्टी और अन्य अशुद्धियों की जांच का बारीकी से परीक्षण कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी किसानों की उपज का परीक्षण एक समान मानकों के आधार पर निष्पक्ष तरीके से किया जाए। गुणवत्ता जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मनमानी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा गैर-एफएक्यू (नॉन-फ्रक्) उपज की तुलाई किसी भी स्थिति में न की जाए।

कलेक्टर ने सोसायटी प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसी भी वेयरहाउस के भरने की स्थिति आने से कम से कम दो दिन पहले जिला उपार्जन समिति को सूचना दें, ताकि वैकल्पिक वेयरहाउस की समय पर व्यवस्था की जा सके और खरीदी कार्य प्रभावित न हो।

कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अधिकारियों को प्रतिदिन केंद्रों का निरीक्षण कर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी संवाद कर अपील की कि वे अपने निर्धारित स्लॉट वाले दिन या उससे एक दिन पहले ही उपज लेकर केंद्र पहुंचें।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र किसान की उपज का पारदर्शी और सुगम तरीके से उपार्जन सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और खरीदी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, बुधनी एसडीएम संजीव कुमार नागू, भैरूंदा तहसीलदार सौरभ शर्मा, रेहटी तहसीलदार सपना झिलेरिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चालीस से अधिक स्टॉलों की एडवांस बुकिंग, इंदौर भोपाल सहित प्रदेश भर से आएंगे स्टॉल संचालक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** सावन माह के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य सावन मेला का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। शहर के सोनी मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, खान-पान एवं अन्य उपयोगी सामग्री के 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। सभी स्टॉलों की बुकिंग पहले ही पूरी हो चुकी है। सुबह ग्यारह बजे मेला का शुभारंभ किया जाएगा।

मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा वर्ष 2010 से निरंतर सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष मेले को शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिलता है। इस बार स्टॉल लगाने वालों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसके चलते सावन मेला और भी भव्य एवं आकर्षक होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इंदौर, जावर, पिपरिया, भोपाल और बैरागढ़ सहित अन्य स्थानों से भी स्टॉल संचालकों ने मेले में स्टॉल लगाने के लिए बुकिंग कराई है। स्टॉलों की निर्धारित संख्या पूरी होने के बाद बुकिंग बंद कर दी गई है और अब आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**सामाजिक और धार्मिक सेवा के साथ मेले की परंपरा:** मंडल अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल ने बताया कि सचिव विनीता सोनी एवं कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी सहित मारवाड़ी महिला मंडल की पूरी टीम के सहयोग से वर्षों से सावन मेले का सफल आयोजन किया जा रहा है। मंडल सामाजिक एवं धार्मिक सेवा गतिविधियों के साथ हर वर्ष सावन मेले का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि मेले का उद्देश्य केवल खरीदारी या मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरवासियों और बाहर से आने वाले स्टॉल संचालकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां सभी मिलकर सावन पर्व की खुशियां साझा कर सकें।

**बाहर से आने वाले स्टॉल संचालकों के स्वागत की तैयारी :** मंडल अध्यक्ष श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि समिति का प्रयास है कि बाहर से आने वाले सभी स्टॉल संचालक और सीहोरवासी सावन मेले से प्रसन्न होकर लौटें। उन्होंने कहा कि मेले को लेकर मंडल की पूरी टीम उत्साहित है और सभी सदस्य आयोजन को व्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए जुटे हुए हैं। सावन मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, खान-पान की सामग्री और अन्य आकर्षक स्टॉल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## भाटिया भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नियुक्त



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें जबलपुर के नितिन भाटिया को भाजपा खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। नितिन भाटिया अंतरराष्ट्रीय स्तर के वुशु (मार्शल आर्ट) खिलाड़ी रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी एवं अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों को अनुशासन और करियर निर्माण के दिए गुर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** स्थानीय एलबीएस कालेज में बुधवार को बीकॉम प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न विभागों की गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सक्सेना ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मर्यादा और शैक्षणिक मूल्यों का महत्व बताते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने प्राध्यापकों और वरिष्ठ विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में अध्ययन करना चाहिए तथा जीवन में सदैव मर्यादित आचरण अपनाकर अनावश्यक विवादों और वर्जनाओं से बचना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे ने कहा कि स्कूल और कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था में काफी अंतर होता है। कॉलेज में नियमित उपस्थिति, सतत मूल्यांकन और आत्मअनुशासन सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देने की अपील की।

कॉमर्स विषय विशेषज्ञ प्रो. कुलेन्द्र श्रीवास्तव ने बीकॉम पाठ्यक्रम के माध्यम से उपलब्ध रोजगार एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कॉमर्स विभाग की प्रो. सारिका देव ने किया, जबकि प्रो. रुबिना ठाकुर ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी निधि शर्मा, पूनम तिवारी तथा एनएसएस प्रभारी नम्रता अरोरा ने विद्यार्थियों को कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों एवं विभागों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीकॉम प्रथम वर्ष के सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई का सघन सदस्यता अभियान प्रारंभ पोस्टर का विमोचन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर** जबलपुर हाईकोर्ट द्वारा मध्यप्रदेश में सितंबर के प्रथम सप्ताह तक छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश का एनएसयूआई ने स्वागत किया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हरिओम सिसोदिया की अध्यक्षता एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से वार्ता कर इसे प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं की लोकतांत्रिक आवाज की जीत बताते हुए सरकार से प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की।

सिसोदिया ने कहा कि प्रत्यक्ष प्रणाली में विद्यार्थी सीधे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं सहसचिव का चुनाव कर सकेंगे, जबकि अप्रत्यक्ष प्रणाली में केवल कक्षा प्रतिनिधियों के माध्यम से पदाधिकारियों का चयन होता है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 10 वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से छात्र राजनीति और युवाओं के नेतृत्व विकास को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई शिक्षण संस्थानों में सत्ता समर्थित छात्र संगठनों को संस्थागत संरक्षण मिलने से छात्र हितों की आवाज प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई की लड़ाई किसी सामान्य छात्र या कार्यकर्ता से नहीं, बल्कि छात्र अधिकारों की अनदेखी करने वाली व्यवस्थाओं और छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ है। हरिओम सिसोदिया ने कहा कि एनएसयूआई लोकतांत्रिक तरीके से छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में सीहोर में एनएसयूआई का सदस्यता अभियान भी शुरू किया गया है, जिसके तहत कार्यकर्ता महाविद्यालयों में छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

## 10 अगस्त को मध्यप्रदेश इंफ्लुएंसर निकालेगा कांवड़ यात्रा

**सीहोर।** सावन मास में भगवान शिव के प्रति आस्था और विश्वास का अद्भुत नजारा शहर के सीवन नदी तट से प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु करीब 11 किलोमीटर के तीर्थ पथ पर पैदल कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं। कई शिवभक्त धूप में नंगे पैर तो कई दंडवत करते हुए अपनी आस्था की यात्रा पूरी कर रहे हैं। कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए मार्ग में अनेक स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा चाय, बिस्किट, नाश्ता, पेयजल, फलाहार और खिचड़ी सहित अन्य सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। सेवा पंडालों में बड़ी संख्या में सेवादार श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक का पूरा मार्ग इन दिनों शिवभक्ति से सराबोर दिखाई दे रहा है।

## चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में उमड़ा आस्था का सैलाब



**नईदुनिया प्रतिनिधि, आष्टा:** नगर के श्री दिव्योदय जैन तीर्थ से जुड़े चातुर्मास कलश स्थापना समारोह का भव्य आयोजन मानस भवन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। लगातार हो रही तेज बारिश भी गुरु भक्तों की आस्था के आगे फीकी पड़ गई। देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं और स्थानीय समाजजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम धार्मिक उल्लास के वातावरण में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री मुनि सागर महाराज, ऐलक मंथन सागर महाराज, आचार्य सुबल सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री अभेद सागर महाराज तथा नगर गौरव मुनि श्री अगर्भ सागर महाराज ससंघ विराजमान रहे। ब्रह्मचारिणी मंजुला दीदी, जयदीप शास्त्री एवं ब्रह्मचारी चिद्रूप भैया के मार्गदर्शन में समारोह को विशेष गरिमा मिली। कार्यक्रम की शुरुआत मनीषा जैन एवं पारुल जैन के मंगलगान तथा आचार्य विद्यासागर पाठशाला की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण नृत्य से हुई। इस दौरान मुनि श्री अभेद सागर, मुनि श्री अगर्भ सागर तथा हाल ही में दीक्षित नगर गौरव ऐलक आश्रय सागर महाराज के परिजनों का सम्मान किया गया। किला निवासी हरिओम विश्वकर्मा की पुत्री साक्षी विश्वकर्मा, जो शीघ्र ही जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करने जा रही हैं, उनका भी विशेष बहुमान किया गया।

मुनि संघ की आगवानी शोभायात्रा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंडलों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। संगीतकार शरद जैन और मुकेश जैन ने भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश स्थापना में प्रथम कलश का लाभ श्री गुरु भक्त मंडल परिवार आष्टा को, द्वितीय कलश का लाभ मुनि श्री अगर्भ सागर महाराज के गृहस्थ जीवन के परिजनों डावली-लक्ष्मपति परिवार को, तृतीय कलश का लाभ पवन कुमार अवि जैन को तथा अन्य कलशों का लाभ नेमीचंद जैन केथलाय एवं हेमंत कुमार श्रीपाल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने अपने मंगल प्रवचन में धर्म, संयम और गुरु भक्ति का संदेश देते हुए महामांगलिक सुनाकर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर मुनि संघ का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट भी की गई। कार्यक्रम का संचालन जयदीप जैन शास्त्री (भोपाल) एवं सुरेंद्र जैन ने किया।

समारोह में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतु जैन, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, राय सिंह मेवाड़ा, विशाल चौरसिया, मोहित सोनी सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बाहर से आए गुरु भक्तों एवं अतिथियों का दिगंबर जैन पंचायत समिति द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया।